**International day of Clean Air Blue Sky Day- 7 Sept 2024**

**International day of Clean Air Blue Sky Day** के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा Jaipur Exhibition & Convention Centre (JECC), जयपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा थे। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंदर यादव तथा राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन श्री संजय शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें प्रकृति के संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त किया गया। साथ ही Mission LiFE की थीम सतत जीवनशैली, टिकाऊ खाद्य आदतें और Zero Waste जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया, जिससे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित किया जा सके।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया, ताकि युवा पीढ़ी को स्वच्छ वायु, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न संस्थानों और संगठनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पुनर्चक्रण से जुड़े नवाचारों और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिससे स्वच्छ वायु और हरित भविष्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश प्रसारित हुआ।




LiFE
Day of Clean Air for Blue Skies





## World Environment Day 2025

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा जी, राज्य विधि मंत्री श्री जोगाराम पटेल जी, मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

इस राज्य स्तरीय आयोजन में पर्यावरण विषयक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया, जिसमें सतत विकास, जल संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने वाले प्रयासों को प्रदर्शित किया गया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 11 ई-वेस्ट संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाई तथा सर्कुलर इकोनॉमी इंसेंटिव स्कीम 2025 की बुकलेट का विमोचन किया। इस योजना के माध्यम से पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और संसाधन दक्षता (Resource Efficiency) को बढ़ावा देने हेतु अनुसंधान, MSMEs, नवाचार और हरित तकनीकों को प्रोत्साहित किया गया है।

योजना के अंतर्गत अनुदान, कर में छूट और अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों की व्यवस्था की गई है, जिससे सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में राज्य ने एक ठोस कदम उठाया है। यह पहल प्रदेश में सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन को एक नई दिशा प्रदान करेगी। ।


विश्व
पर्यावरण
दिवस 2025
5 जून - जयपुर
स्वागत


श्री नरेन्द्र मोदी
विश्व
पर्यावरण
दिवस
REFUSE
REDUCE
REUSE
RECYCLE
Ending Plastic Pollution


SINGLE USE PLASTIC ALTERNATIVES
Pairs well with friends


विश्व पर्यावरण दिवस
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान
के कर-कमलों द्वारा
विश्व पर्यावरण दिवस 2025
5 जून · जयपुर



## World Ozone Day- 16 Sept 2025

विश्व ओज़ोन दिवस 2025 के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जयपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सुरपुर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री पवन कुमार उपाध्याय तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री आनंद कुमार ने ओज़ोन परत के संरक्षण के लिए किए जा रहे वैश्विक एवं राज्य स्तरीय प्रयासों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें पुनर्चक्रित सामग्री से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमेश के. अरोड़ा एवं प्रो. सुदेश यादव ने ओज़ोन परत के महत्व तथा बढ़ते जलवायु संकट पर विस्तार से विचार साझा किए। कार्यक्रम में “इक्षाणा”  शीर्षक से जलवायु जागरूकता पर आधारित एक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, पर्यावरण विशेषज्ञ, शिक्षाविद तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


Single Use Plastic Alternatives
दैनिक जीवन में
इको-फ्रेंडली विकल्प अपनाएं,
स्वस्थ भविष्य बनाएं
Recycled Paper Products
Seed paper products




विश्व ओज़ोन दिवस
कार्यक्रम 2025


ओज़ोन का संरक्षण, भविष्य की सुरक्षा
विश्व ओज़ोन दिवस कार्यक्रम 2025
दिनांक : 16 सितंबर, 2025
राजस्थान राज्य
प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
पर्यावरण एवं जलवायु
श्री विजय एन.
श्री आनंद कुमार
डॉ. रवि कुमार सुरपुर

## Workshop for Teachers- 13 Nov 2025

13 नवम्बर 2025 को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण जागरूकता विषय पर विद्यालय शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों को एक साथ लाकर कक्षा शिक्षण में पर्यावरणीय शिक्षा को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। इस सत्र में प्रदूषण नियंत्रण, सतत् विकास की व्यवहारिक पहलें तथा पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी विद्यार्थियों के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई।

विचार-विमर्श और ज्ञान के आदान-प्रदान के माध्यम से इस कार्यशाला ने शिक्षकों को अपने दैनिक शिक्षण में पर्यावरण जागरूकता को समाहित करने के लिए प्रेरित किया, जिससे युवा पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सशक्त किया जा सके तथा हरित और सतत् राजस्थान के निर्माण में योगदान दिया जा सके।




CERTIFICATE
"Environmental Awareness"
State Pollution Control Board
CERTIFICATE
"Environmental Awareness"
Rajasthan State
Control Board


RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD (RSPCB) – OVERVIEW
Two-tier structure of Pollution Control Boards:
• CPCB – Central Pollution Control Board (national level)
Table: Key Details of RSPCB
Particulars
Details
Constitution
Established in 1975 under Section 4 of the Water (Prevention & Control of Pollution) Act, 1974
Basic Mandate
Permit Framework
Functions under the Water Act, 1974, Air Act, 1981, and Environment (Protection) Act, 1986
Functional Area
Regulatory Role
Monitoring & Control
Advisory Role
Awareness & Capacity Building
Research & Enforcement
RIC

## Paryavaran Conclave- 19 Dec 2025

माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व तथा माननीय संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री श्री जोगाराम पटेल जी की गरिमामयी उपस्थिति में “हरियालो राजस्थान पर्यावरण कॉन्क्लेव” का सफल आयोजन किया गया।

कॉन्क्लेव में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, हरित अर्थव्यवस्था एवं जनभागीदारी के माध्यम से राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया तथा “ग्रीन बजट से ग्रीन इकॉनॉमी-2030 की ओर रोडमैप” विषय पर सार्थक पैनल चर्चा आयोजित हुई।

इस अवसर पर वन विभाग, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, पर्यावरणविद् उपस्थित रहे।






राजस्थान सरकार
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
पर्यावरण एवं जलवायु
परिवर्तन विभाग, राजस्थान

